हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

13 जब राजनीति स्वार्थ की ओर बढ़ती दिखती है तब अटल जी..



14 सुंदरगंज मेनोनाईट चर्च में उल्लासपूर्ण वातावरण में..



## खबर संक्षेप

### आलेखुंटा में मड़ाई आज

**सिर्री।** ग्राम आलेखुंटा के समस्त सतनामी समाज और ग्रामवासियों के तत्वावधान में 24 से 26 दिसंबर तक त्रिदिवसीय बाबा घासीदास पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन 26 दिसंबर शुक्रवार को होगी। शुक्रवार को मड़ाई मेला का आयोजन रखा गया है। साथ ही रात्रिकालीन कार्यक्रम में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहनी गुईयां (हेमलाल चतुर्वेदी) बेमेतरा की प्रस्तुति होगी।

### सोनपुर में मड़ाई 27 को

**सिर्री।** ग्राम सोनपुर (कोड़ेबोड़) में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती एवं मेला मड़ाई का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ 27 दिसंबर शनिवार को मनाई जाएगी। इस अवसर पर संदेश शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस उपलक्ष्य में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम राम बलराम नाचा पार्टी, ग्राम निपानी जिला बालोद की प्रस्तुति होगी।

### पुरी में दो दिवसीय कबीर साहेब भव्य सत्संग समारोह 4 से

**पुरी।** आदर्श ग्राम पुरी में दो दिवसीय कबीर साहेब भव्य सत्संग समारोह का आयोजन 4 एवं 5 जनवरी 2026 को बाजार चौक में प्रातः 11 से 1 बजे तक एवं दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक किया गया है। जिसमें कबीर संत चंद्रकला साहेब मंडली सहित एवं क्षेत्रवासी संत पधार रहे हैं। यह जानकारी सुकालू राम साहू पुरी ने दी।

### कातलबोड़ में आज से कबीर सत्संग

**कुरुद।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कातलबोड़ में 26 से 28 दिसंबर तक तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन कबीर पारख मंडल एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया जा रहा है।



इस कार्यक्रम में क्रांतिकारी युवा संत अभय साहेब, कबीर निकेतन कहलगांव जिला भागलपुर बिहार, हरेंद्र साहेब कबीर आश्रम परसट्ठी नयापारा, समता साहेब कबीर ब्रह्मचारिणी आश्रम नवागांव कचना सहित अंचल के विभिन्न आश्रमों के संत महात्मा एवं साध्वी गण अपने संत मंडली सहित कबीर की वाणियों का प्रचार प्रसार एवं मानवीय गुणों का सिंचन करने के लिए पहुंच रहे हैं। शुक्रवार एवं शनिवार 26 एवं 27 दिसंबर को कार्यक्रम अपराध 1:00 से 4:00 तक एवं अंतिम दिवस रविवार को सत्संग 11:00 से 2:30 तक कबीर परिसर कातलबोड़ में होगा। यह जानकारी शिक्षक रविन्द्र साहू ने दी है।

## गोदामों में चावल रखने के लिए जगह की कमी, अब तक पुराना चावल ही जमा नहीं

# समस्याओं के बीच कस्टम मिलिंग, इसलिए उठाव भी कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़, राइस मिल उद्योग संकट से जूझ रही है। कस्टम मिलिंग के लिए शासन से दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन एफसीआई और नान के गोदामों में चावल जमा करने के लिए जगह नहीं है। ऐसे में राइस मिलर्स धान का उठाव भी कर लेते हैं तो वे समय पर चावल जमा नहीं कर पाएंगे। इन समस्याओं से वे धान का उठाव करने से पीछे हट रहे हैं।

इस साल शासन ने रिकार्डतोड़ धान खरीदी का लक्ष्य रखा है। करीब 66 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जानी है। भारी भरकम धान खरीदी होने की खबर से राइस मिलर्स खुश थे कि इस साल उन्हें कस्टम मिलिंग के तहत भरपूर काम मिलेगा, लेकिन अब उनकी यह खुशी गायब हो गई है। कस्टम मिलिंग की नीतियों ने उन्हें परेशान कर रखा है। राइस मिलर्स ने बताया कि मिलिंग के बाद चावल जमा करने के लिए हर साल उन्हें मशक्कत करनी पड़ती है। गोदामों में चावल रखने के लिए जगह नहीं रहती और शासन द्वारा चावल जमा करने के लिए प्रेशर दिया जाता है। इस साल तो अभी से स्थिति खराब है। गोदाम में अभी भी जगह नहीं है। ऐसे में वे धान का उठाव कर भी लेते हैं तो चावल जमा करने में उनके पसीने छूट जाएंगे। इस कारण वे धीमी गति से उठाव कर रहे हैं।

### मिलर्स लाईन लगा कर खड़े हैं

गोदामों में जगह नहीं होने के कारण कई राइस मिलर्स पिछले साल उठाए गए धान के एवज में चावल जमा नहीं कर पाए हैं। ऐसे 60 से ज्यादा राइस मिल हैं, जिन्हें चावल जमा नहीं करने के कारण इस साल उठाव के लिए अपात्र घोषित कर दिया गया है। अब राइस मिलर्स चावल जमा करने के लिए लाइन लगाकर खड़े हैं, लेकिन गोदाम में जगह का अभाव है। राइस मिलर्स ने बताया कि यदि रैक के माध्यम से चावल को जिले से बाहर भेजा जाता है। रैक नहीं लगने के कारण चावल गोदाम खाली नहीं हो रहे हैं।



### सिर्फ 17 प्रतिशत उठाव

लिमिट बढ़ने के बाद धान की रफ्तार बढ़ जाएगी, लेकिन उठाव की गति काफी धीमी है। अब तक खरीदे गए धान का मात्र 17 प्रतिशत धान का ही उठाव किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 61 हजार 637 किसानों से 29 लाख 58 हजार 188 क्विंटल धान की खरीदी की गई है, जिसमें से 5 लाख 83 हजार 490 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। 23 लाख 74 हजार 698 क्विंटल धान अभी भी खरीदी केंद्रों में जाम है। राहत की बात है संग्रहण केंद्रों में धान परिवहन करने की अनुमति मिल गई है। इससे उठाव की रफ्तार बढ़ने की उम्मीद है।

## जहर सेवन से युवती की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवती ने अपने घर पर कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर लिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम भटगांव निवासी राधिका साहू पिता आश कुमार उम्र 22 वर्ष कक्षा 12वीं तक पढ़ी है। बुधवार की रात्रि युवती परिवार के सभी लोगों को भोजन कराकर टीवी देख रही थी। उसके बाद युवती अपने कमरे में सोने चली गई। रात्रि 12 बजे के लगभग युवती बाथरूम में जाकर उल्टियां कर रही थी। आवाज सुनकर उसकी मां अनुसुईया साहू बाथरूम जाकर पति आशकुमार को आवाज लगाई। पिता भी बाथरूम में गया। जहां जहरीली दुर्गंध आ रही थी। कुछ देर बाद युवती बेहोश हो गई। निजी वाहन की मदद से रात्रि में ही उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवती को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने गुरुवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। युवती के जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।



■ ग्राम भटगांव की घटना

## श्री साईं जन्मोत्सव की धूम, दर्शनार्थियों का लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंचल सहित धमतरी शहर में श्री शिरडी साईंनाथ महाराज का जन्मोत्सव पूरे श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ मनाया गया। स्थानीय इतवारी बाजार स्थित शिरडी साईंनाथ मंदिर में सुबह से ही दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर परिसर में पवित्र हवन कुंड से उठती नैवेद्य धूप की सुगंध और " साईंनाथ महाराज की जय" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

श्री शिरडी साईं सेवा समिति धमतरी द्वारा मंदिर के 29वें स्थापना दिवस एवं साईं बाबा के जन्मोत्सव के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः 5 बजे से ही श्रद्धालु दर्शन हेतु मंदिर पहुंचने लगे। महिलाओं ने मनोकामनाएं लेकर बाबा के चरणों में अर्जी लगाई। माताओं ने अपने बच्चों की दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की, वहीं नवविवाहित महिलाओं ने संतान प्राप्ति हेतु बाबा से प्रार्थना की।

दिनभर चले धार्मिक आयोजनों के अंतर्गत प्रातः 7 बजे सामूहिक श्री साईं सच्चरित्र पाठ, 7:30 बजे अभिषेक, 8:30 बजे आरती, 11 बजे हवन-पूजन संपन्न हुआ। मंत्रोच्चार के साथ अग्निकुंड में नैवेद्य धूप अर्पित की गई, जिससे मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। दोपहर 12:30 बजे से श्रद्धालुओं को साईं प्रसादी का वितरण किया गया।





दोपहर बाद टिकरापारा स्थित साईं मंदिर से बाजे-गाजे के साथ भव्य साईं पालकी यात्रा निकाली गई, जो रत्नाबांधा चौक, मकई चौक, गोल बाजार, सदर होते हुए गांधी चौक से मंदिर पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर पालकी का स्वागत किया।


इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने साईं मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की एवं भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने कहा कि साईं बाबा का संदेश "सबका मालिक एक" समाज में सेवा, सद्भाव और मानवता की प्रेरणा देता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, नागरिक एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार सोरिद पुलिया से टकराई, सवार महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नेशनल हाइवे से होते चारामा जा रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पुलिया की रेलिंग से टकरा गई। इस घटना में कार में सवार अधेड़ महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार डौंडीलोहारा क्षेत्र के ग्राम सुरडोंगर निवासी मीनाबाई पति तोरण सिंग उम्र 55 वर्ष अपने पुत्र व चार नाती व नातिन के साथ कार क्रमांक सीजी 07 एमए 3759 में सवार होकर धमतरी आई थी। शहर के निजी अस्पताल से बच्चों की दवाई लेकर बुधवार की शाम अपने रिश्तेदार के घर चारामा जा रहे थे। कार उसका बेटा चला रहा था। कार नेशनल हाइवे से होते हुए चारामा की तरफ बढ़ रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सोरिद पुल के रेलिंग से टकरा गई। इस टक्कर से सामने बैठी महिला का सिर कार से टकरा जाने से उसके नाक से ब्लड बहने लगा था। वहीं चालक व पीछे बैठे तीन बच्चे व एक बच्ची घायल होने से बाल बाल बच गए। घटना पर पुलिस मौके पर पहुंच अन्य लोगों की मदद से घायल महिला सहित सभी को जिला अस्पताल भेज दिया। महिला के नाक से बह रहे ब्लड के नहीं रुकने पर उसे सीटीस्कैन के लिए निजी अस्पताल लाया गया। जहां सिटीस्कैन करने के बाद महिला को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां घायल महिला का उपचार जारी है।



## धमतरी में आज होगा वीर बाल दिवस का आयोजन

■ निबंध, भाषण व चित्रकारी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में जागेगा शौर्यबोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासन के निर्देशानुसार जिले में 26 दिसंबर 2025 को वीर बाल दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह दिवस सिख इतिहास के अमर वीर बालकों चार साहेबज़ादों के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और साहस को स्मरण करने के उद्देश्य से मनाया जाएगा।

वीर बाल दिवस के अवसर पर जिले की सभी शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं में विविध शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। वहीं जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन, भाषण तथा चित्रकारी/पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। निबंध प्रतियोगिता का विषय चार साहेबज़ादे निर्धारित किया गया है। इन प्रतियोगिताओं में प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्तर तक के छात्र-छात्राएँ भाग लेंगी। प्रतिभागियों को अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है। इस आयोजन का संयुक्त रूप से संचालन बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी, जिला शिक्षा विभाग धमतरी एवं माता साहेब देवा कमेटी, जिला धमतरी द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम के सफल संचालन एवं विभागीय समन्वय हेतु शिक्षा विभाग द्वारा श्रीमती ममता खालसा, प्रधानपाठक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो महाविद्यालय प्राचार्य के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को संपन्न कराएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त प्राचार्यों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से अपील की है कि वे वीर बाल दिवस को गरिमामय ढंग से मनाएं।

## हल्बा समाज मनाएगा आज शक्ति दिवस पर्व

**धमतरी।** आदिवासी हल्बा समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 26 दिसंबर 2025 को शक्ति दिवस पर्व भव्य रूप से मनाया जाएगा। यह आयोजन गोंडवाना भवन, बिलाई माता मंदिर के पास में आयोजित होगा, जिसका नेतृत्व आदिवासी हल्बा समाज धमतरी ब्लॉक द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी संस्कृति, इतिहास और समाज के एकीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही आदिवासी हल्बा महासभा के संगठनात्मक एकीकरण को लेकर समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा विशेष विचार रखे जाएंगे। इस अवसर पर समाज के शहीद नायकों शहीद गैंदसिंह, वीर शहीद नारायण सिंह एवं गुंडाधुर के संघर्ष, बलिदान और योगदान से समाज को अवगत कराया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा ले सके। शक्ति दिवस का यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। आदिवासी हल्बा समाज धमतरी ब्लॉक ने समाज के सभी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।





### ग्राम सुरक्षा को मजबूत करने कोटवारों की ली गई बैठक

# कोटवारों को दी गई संवेदनशीलता व सतर्कता की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पुलिस ने पहल करते हुए कोटवारों की बैठक लेकर उन्हें संवेदनशीलता, सर्तकता व त्वरित सूचना देने की सीख दी है।

पुलिस मुख्यालय द्वारा मुसाफिर पंजी संधारित करने संबंधित दिये गये दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए एसपी के मार्गदर्शन में सिहावा थाना प्रभारी द्वारा थाना सिहावा क्षेत्र के सभी कोटवारों की थाना परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी कोटवारों को निर्देशित किया गया कि गांव में बाहर से आने वाले व्यक्तियों-मुसाफिरों का पंजी संधारित करे। गांव में आवागमन करने वाले व्यक्तियों का पूरा विवरण दर्ज कर समय-समय पर सिहावा थाना में जानकारी उपलब्ध कराये। इसी तरह गांव में निवास करने वाले नए किरायेदारों की पूरी जानकारी तत्परता के साथ पुलिस को उपलब्ध्ध कराये। गांव में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अपराध होने पर तुरंत थाना को सूचना दे। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने कोटवारों की महत्वपूर्ण भूमिका एवं सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में सिहावा प्रभारी ने सभी कोटवारों से कहा कि ग्राम स्तर पर सक्रिय निगरानी और समय पर सूचना देना अपराध नियंत्रण की सबसे मजबूत कड़ी है। सभी कोटवार ग्राम, समाज और पुलिस के बीच महत्वपूर्ण सेतू है। सभी कोटवारों को पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग मिलने का आश्वासन दिया गया।



### कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाने का उद्देश्य

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एसपी सूरज सिंह परिहार सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि कोटवारों की नियमित बैठक आयोजित कर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था व संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी दे। मुसाफिरी एवं किरायेदार पंजी संबंधी दिशा-निर्देशों से अवगत कराने निर्देश दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### आमदी मड़ई 27 को रात्रि में डांस प्रतियोगिता

**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी में 27 दिसंबर को मड़ई का आयोजन रखा गया है। रात में मनोरंजन के लिए डीजे डांस प्रतियोगिता रखी गई है। यह प्रतियोगिता हाईस्कूल मैदान में नगर के युवा संगठन, त्रिवेणी संगम डांस परिवार एवं नगर वासियों के सहयोग होगी। डांस प्रतियोगिता में सामूहिक डांस में प्रथम से लेकर सप्तम स्तर तक पुरस्कार रखा गया है। युगल एवं एकल डांस में पांच स्तर तक पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही प्रतियोगिता में बेस्ट डांस, बेस्ट वेशभूषा, बेस्ट अनुशासन एवं भाव पक्ष के लिए आकर्षक पुरस्कार समिति की ओर से प्रदान किया जाएगा। उक्त जानकारी आयोजक समिति के अध्यक्ष कैलाश कुमार साहू, उपाध्यक्ष लिलेश पटेल एवं सचिव शेखर सार्वा ने दी है।

## निधन

### प्रतिमा बाई साहू



**धमतरी।** ग्राम लिमतरा के प्रतिमा बाई साहू का 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे पवन होटल संबलपुर के संचालक की धर्मपत्नी एवं दानवीर की मां थी। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बेनी बाई सिन्हा



**धमतरी।** ग्राम अर्जुनी निवासी बेनी बाई सिन्हा (98) का बुधवार को निधन हो गया। वे राजा राम सिन्हा की माता व नंदकिशोर तथा कमल किशोर की नानी थी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन व ग्रामीण शामिल हुए।

### दूसरे गांव बोराई की महिला को नगर में दफनाने का प्रयास किया जा रहा था

# नगरी में अंतिम संस्कार को लेकर तनाव

**धर्मांतरण का मामला बना विवाद की वजह**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम बोराई में एक महिला के निधन के बाद अंतिम संस्कार को लेकर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। जानकारी के अनुसार, उक्त महिला ने कुछ वर्ष पूर्व धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपनाया था। उनके निधन के पश्चात जब अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को लेकर निर्णय लिया जाने लगा, तभी गांव में मतभेद उत्पन्न हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के कुछ लोगों ने महिला का अंतिम संस्कार बोराई ग्राम में करने का विरोध किया। इसके बाद मामला और गंभीर हो गया, उसके पश्चात वही कुछ लोगों के द्वारा जब नगरी वार्ड क्रमांक 01 स्थित श्मशान घाट में दफन की तैयारी को लेकर गड्ढे खोदे जा रहे थे। इसकी सूचना नगर के लोगों को हो गई। इस पर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और विरोध दर्ज कराया।

स्थिति को संभालने के लिए पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। कई घंटों तक अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों के बीच आपसी सहमति बनाने को लेकर चर्चा होती रही। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा, एसडीएम प्रीति दुर्गम एवं तहसीलदार सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और लोगों को समझाने का प्रयास करते रहे।

हालांकि, देर तक चली बातचीत के बावजूद किसी ठोस निष्कर्ष पर सहमति नहीं बन सकी, जिससे क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में नगरवासी, वार्डवासी, महिलाएं एवं हिंदू संगठनों से जुड़े लोग मौके पर उपस्थित रहे और अपनी आपत्तियां दर्ज कराते रहे।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व कांकेर जिले के आमाबेड़ा गांव में भी इसी तरह का मामला सामने आया था, जिसने उग्र रूप ले लिया था। ऐसे में प्रशासन के सामने यह बड़ी चुनौती बनी हुई है गांव बोराई में रात्रि तक दोनों पक्षों से लगातार बातचीत समझाने की कोशिश की जा रही थी। फिलहाल प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं और शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में प्रयासरत है।

## मगरलोड में अटल परिसर का हुआ वर्चुअल लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

नगर पंचायत मगरलोड में अटल परिसर का वर्चुअल लोकार्पण संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य अतिथि, उप मुख्यमंत्री अरूण साव की अध्यक्षता में यह वर्चुअल लोकार्पण हुआ। मगरलोड के रामलीला मैदान वार्ड नंबर 10 में नगर पंचायत द्वारा नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया। अटल परिसर की लागत 20 लाख रुपए आई है।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लिलेश सुरेश साहू, पूर्व अध्यक्ष नीतू खिलावन साहू, उपाध्यक्ष रूखमणी तोरण सिन्हा, पार्षद गण तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, कार्यकर्ता शत्रुघ्न साहू, मुरली सिन्हा, भानुप्रिया साहू, लोकेश साहू, नंदनी सिन्हा, दुर्गा साहू सहित नगरवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम की उद्बोधन में पार्षद सुरेश साहू ने कहा कि अटल जी के सपनों का छग आज साकार हो रहा है। पूर्व अध्यक्ष नीतू साहू ने कहा कि अटल जी के लोकप्रियता की याद करते हुई उनके जयंती पर बधाइयां दी। मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू ने अटल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन करते हुए परमाणु प्रशिक्षण जैसे अनेकों साहसिक निर्णय को याद किया। मंच संचालन जागेश्वर साहू ने किया।

## अटल के जन्मदिन पर सेजेस बठेना में सुशासन दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एमआरडी शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद प्रतिनिधि नीरज नाहर एवं विधायक प्रतिनिधि ज्ञानचंद सिन्हा ने अटल जी के छायाचित्र पर पुष्प, तिलक, वंदन के साथ किया।

सांसद प्रतिनिधि नीरज नाहर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अटल जी देश के एक सशक्त एवं सुदृढ़ नागरिक थे। उनकी कार्यशैली व सरलता हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है। हम सभी को सुशासन दिवस के मौके पर अटल जी की तरह एक जागरूक व सशक्त नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए ताकि भावी पीढ़ी भी सजग व जागरूक हो। कार्यक्रम के समापन पर संस्था के प्राचार्य रविन्द्र कुमार साहू ने सुशासन दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सीएमओ के साथ हुई सकारात्मक बैठक के बाद कांग्रेसी पार्षदों की हड़ताल 17 वें दिन समाप्त

- शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और अनुशासित आंदोलन सफल रहा : पार्षदगण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

नगर हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों और निर्णय प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्षदों द्वारा किया गया शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और अनुशासित आंदोलन 17 दिनों तक चले धरना-प्रदर्शन के बाद प्रशासन द्वारा मांगों पर जताई गई सहमति और मुख्य नगर पालिका अधिकारी के धरना स्थल पर पहुंचकर 26 दिसंबर को आयोजित परिषद की सामान्य सभा की बैठक की लिखित सूचना सभी पार्षदों को सौंपने के बाद समाप्त हो गई है।

इस सकारात्मक निर्णय के बाद कांग्रेस पार्षदों ने बजरंगबली मंदिर में पूजा-अर्चना की, मिठाइयाँ बांटी और विजय के नारे लगाए। आंदोलनकारियों ने इसे लोकतंत्र की ताकत और जनसंवाद की जीत बताया। 17 दिनों तक चले इस संघर्ष को नगर के व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों का व्यापक समर्थन मिला। गांधीवादी विचारधारा के साथ आगे बढ़े आंदोलन को रोज़ मिलती जनभागीदारी ने मजबूती दी और अंततः सार्थक व सकारात्मक परिणाम सामने आया।

### जनहित से जुड़े मुद्दे पर आवाज उठाते रहेंगे

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा कि यह सफलता जनता के धैर्य और दृढ़ता का प्रमाण है। कुरूद की जनता अपने हक और सम्मान के लिए संगठित होकर खड़ी होना जानती है। नेता प्रतिपक्ष डूमेश साहू ने कहा कि नगर से जुड़े निर्णय जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों की सामूहिक सहमति से ही होंगे। यह जीत किसी व्यक्ति या दल की नहीं, बल्कि कुरूद की जनता की जीत है। वरिष्ठ पार्षद मनीष साहू और रजत चंद्राकर ने इसे विकास, पारदर्शिता और जनसम्मान के लिए प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। पूर्व उपाध्यक्ष मंजू साहू और पार्षद उत्तम साहू ने कहा कि भविष्य में भी जनहित सर्वोपरि रहेगा और आवश्यकता पड़ी तो लोकतांत्रिक तरीके से आवाज़ उठाई जाएगी। आंदोलन को सफल बनाने में पार्षद राखी चंद्राकर, उर्वशी चंद्राकर, अर्जुन ध्रुव सहित कांग्रेस के नेताओं, व्यापारीगण व नगरवासियों का सहयोग रहा।

## दीपक का भारतीय वायुसेना में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बोरसी(धमतरी)

ग्राम पंचायत सांकरा के दीपक कुमार पिता धनेश कुमार का अग्निवीर भारतीय वायुसेना में चयन हुआ है। उनके चयन पर साहू समाज एवं गांव वालों ने दीपक को सम्मान पूर्वक विदाई दी।

## युवा कांग्रेस के संगठन सृजन बैठक में जुटे कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

युवा कांग्रेस की संगठन सृजन बैठक विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक बंजारे के नेतृत्व में विश्राम गृह नगरी में उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मज़बूत करने, युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नगरी के नवीन गौर, मोहित गौर ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि युवा कांग्रेस ही देश और प्रदेश के भविष्य की दिशा तय करने वाली ताकत है। संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर तक युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के बीच उजागर करें और कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुँचाएँ। लीली श्रीवास राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस ने कहा युवा कांग्रेस सच, संघर्ष और संविधान की रक्षा के लिए खड़ी है।जब तक हमारा संगठन हर बूथ पर मज़बूत नहीं होगा, तब तक हम जनता की आवाज़ को बुलंद नहीं कर पाएँगे।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव कुलदीप साहू, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, सचिन भंसाली, उपाध्यक्ष प्रमोद कुंजाम, विजेंद्र रामटेके, राकेश मौर्य, प्रेमांशु प्रजापति, कुलेश्वर देवांगन, विजेंद्र ठाकुर, लोकेंद्र सिन्हा, विकास शांडिल्य, गजेंद्र नेताम, मुनेंद्र ध्रुव भरत लहरे,पिंकी यदु, सजल नाग, सत्यम भट्ट, राकेश नेताम, संतकुमार मरकाम, अमृत नाग, मुकेश कुंजाम, नील कोड़ोपी, अरविंद यादव, नमन बंजारे, नीलू छेदैहा , जनप्रतिनिधि एव विधानसभा स्तर के युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बरबांधा में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम बरबांधा में आठ दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन जी.आर.बी. इलेवन, कर्मचारी प्रभाग एवं ग्राम पंचायत बरबांधा के सहयोग से किया गया, जिसमें क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।पुरुष वर्ग में कुल 40 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला ग्राम करमरि (जिला कोंडागांव) एवं ग्राम ऊरैया (जिला कांकेर) के बीच खेला गया, जिसमें करमरि टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में ग्राम उमरगांव (जिला धमतरी) एवं ग्राम खेजरावन (जिला कोंडागांव) की टीमें आमने-सामने रहीं, जिसमें उमरगांव की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नगरी की सदस्य श्रीमती मौसमी मंडावी रहीं। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से गांवों में आपसी भाईचारा, संगठन और एकता की भावना मजबूत होती है। साथ ही युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन का विकास होता है। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती रुखमणी मरकाम, ताराचंद कोर्राम, मंगल मरकाम, शिक्षक सगराम मरकाम, बीजू राम नेताम, क्रिकेट समिति अध्यक्ष योगेश कुमार ठाकुर, रितेश नेताम, नरेन्द्र मरकाम, रघुनाथ मरकाम, बिमल कुमार कोर्राम, द्वेष विश्वकर्मा, यशवंत निषाद, गोलू मंडावी, राकेश विश्वकर्मा, सोहनलाल कोर्राम, गोविंद मरकाम, माखन ध्रुवा, रमेश नेताम, डायमन कोर्राम, मनोज कुमार (शिक्षक), लखमू मरकाम, सचिव रामसुंदर ठाकुर, पीला राम कोर्राम, गणेश राम नेताम, भूषण कोर्राम, प्रह्लाद नेताम, बीशू पटेल, सुरेश कुमार साहू, पवन कुमार मरकाम (बीएसएफ जवान), दिलीप कुमार मरकाम, सुरेश कुमार नेताम, संदेश नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## 25 दीपों से रोशन हुई बाबू जी की प्रतिमा

- हम अपने पुरोधाओं को भूलेंगे तो आने वाली पीढ़ी हमकों भी भुला देगी : कोमल सार्वा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अटल जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप मनाया जा रहा है। सुशासन दिवस की पूर्व संध्या स्व.बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की प्रतिमा को समाजजनों द्वारा स्वच्छ कर माल्यार्पण किया गया। साथ ही 25 दीपक जला कर उनके परिवार के सदस्य पौत्र राजा श्रीवास्तव एवं रिंकू श्रीवास्तव के साथ मिलकर उनके कार्यों को याद किया गया। उपस्थित समाज प्रमुखों में शिवनारायण छांटा, नील पटेल, किरण देवांगन, संतोष सेन, विष्णु सिन्हा, राजू सोनकर, देवेंद्र देवांगन, योगेश साहू, नितेश कुम्भकार, दीपेश देवांगन, कोमल सार्वा पार्षद ब्राह्मण पारा, अमित साहू, आकाश निर्मलकर, भुवन निर्मलकर, भूपेश लोधी, रुपेश रिगरी,अमन सेन आदि शामिल थे।

## गार्डनिंग, साफ सफाई, गेट निर्माण, मैदान का होगा समतलीकरण

- कन्या शिक्षा परिसर दुगली में पालक-शिक्षक सम्मेलन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली में पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें शाला की कक्षावार शैक्षणिक गतिविधि तथा तिमाही परीक्षा परिणाम की जानकारी सहित अर्धवार्षिक परीक्षा की समीक्षा एवं छात्रावास प्रबंधन के तहत आवासीय व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की समीक्षा की गई। इस अवसर पर विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों एवं मूलभूत सुविधाओं, समस्याओं की जानकारी प्राचार्य द्वारा रखी गई। सामुदायिक सहभागिता से शाला विकास में समुदाय की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। जनप्रतिनिधि व पालक समिति के सदस्यों द्वारा सामुदायिक सहभागिता अन्तर्गत शाला परिसर में आकर्षक गार्डनिंग व साफ सफाई, गेट निर्माण, मैदान समतलीकरण जैसे कार्यों को आर्थिक सहयोग और श्रमदान से करने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष आशारामजी ओटी, रतनलाल निषाद, राजबाई नेताम, विधायक प्रतिनिधि शत्रुघन साक्षी, पालक सदस्य मयाराम नागवंशी, बंशीलाल सोरी, रूमलाल नेताम, बालाराम मंडावी, केशव प्रजापति, शंभु टेकाम, जवाहर मरकाम, प्राचार्य सुश्री शांति पटेल, पूर्णिमा सोम वरिष्ठ व्याख्याता, ओपी वर्मा प्रधानपाठक, भारत माल्या प्रधानपाठक, छात्रावास अधीक्षिका शलाल राजकुमारी मंडावी, संकुल समन्वयक महेश कोसरे, हरक मंडावी, डीएल साहू, निर्मला ठाकुर, मीना साहू, सुनीता ध्रुव सहित सैकड़ों पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन देवानंद साहू व्याख्याता ने किया।

## एड्स के संचरण एवं उसकी रोकथाम की दी जानकारी

- सहायक निदेशक छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने किया कालेज का दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी का डॉ. नीतू मंडावी सहायक निदेशक छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने दौरा किया। डॉ. नीतू मंडावी ने महाविद्यालय में रेडरिबन क्लब का निरीक्षण किया एवं छात्र-छात्राओं से संवाद किया। एड्स एवं एचआईव्ही से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी, एड्स के संचरण एवं उसकी रोकथाम की जानकारी दी गई।

डॉ. मंडावी ने कहा कि एड्स एचआईव्ही वायरस से फैलने वाली एक गंभीर बीमारी है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को खत्म कर देती है जिससे शरीर संक्रमण से लड़ने में सक्षम नहीं रहता। इसका संक्रमण असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्तदान, दूषित सुइयों का उपयोग, गर्भावस्था में मां से बच्चों में संचरण इत्यादि कारणों से होता है। प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं प्रो. कौशल नायक रेडरिबन प्रभारी एवं सहसंयोजक प्रो.लोकेश्वरी राठिया के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर डॉ. अश्वनी ध्रुव, प्रो. आरआर मेहरा, प्रो. मोहित कुमार, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवांगन, उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ.वेणु साहू, प्रमोद चौरे, भूषण साहू, सीता नेताम, सागर मण्डावी, नेहा राजन, सौरभ पाण्डे, डिलेश्वरी पटेल सहित छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### जिला साहू समाज के अध्यक्ष का मराठा समाज ने किया सम्मान



**धमतरी।** जिला साहू समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गणेशराम साहू का मराठा समाज ने आत्मीय सम्मान किया। इस अवसर पर मराठा समाज उन्हें मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया। मराठा समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि साहू समाज को अब एक सशक्त और सकारात्मक नेतृत्व मिला है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि अध्यक्ष गणेशराम साहू समाज के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ अन्य समाजों के साथ भी बेहतर तालमेल स्थापित करेंगे। सामाजिक समरसता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि वे सभी समाज के हित में निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर विपिन साहू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, आलोक जाधव, बलवंत राव साहब सहित मराठा समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### जो भाग्य लिखे उसे देव कहते है और जो लिखे दुर्भाग्य को बदल दे उसे महादेव कहते हैं

**सांकरा।** राधे- राधे सत्संग परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम



सांकरा में शिव महापुराण का आयोजन किया गया है। कथावाचिका वर्षा नागर उज्जैन अखाड़ा धाम हैं। कथा दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक 30 दिसंबर तक चलेगी। प्रथम दिवस डीजे की धुन में कलश यात्रा निकाली गई। पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया गया। कथा प्रसंग में उन्होंने कहा कि जो भाग्य लिखे उसे देव कहते है और जो लिखे हुए दुर्भाग्य को सौभाग्य में बदल दे उसे महादेव कहते हैं। शिव महापुराण सुनने भक्त उमड़ रहे हैं।

### पारदर्शिता और जनसेवा के रास्ते पर चलने वालों से कांग्रेस डरती है : महापौर



**धमतरी।** नगर में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान उस समय राजनीतिक खलबली मच गई, जब धमतरी महापौर रामू रोहरा के मंच पर पहुंचते ही मौजूद सभी कांग्रेसी नेता मंच छोड़कर चले गए। यह दृश्य जनता के बीच चर्चा का विषय बन गया। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है। विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के रास्ते पर चलने वालों से कांग्रेस डरती है। मंच छोड़कर चले गए। इस बात का प्रमाण है कि उनके पास न तो जवाब है और न ही जनविश्वास। आगे कहा कि भाजपा की जनहितकारी नीतियों और नगर में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों से कांग्रेस बौखलाई हुई है। जनता आने वाले समय में इसका करारा जवाब देगी।

### अटल परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



**धमतरी।** ग्राम मुड़पार में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जनशताब्दी स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में अटल परिसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन, वरिष्ठ नेता निर्भय राम यादव सरपंच यशोदा यादव, बूथ अध्यक्ष सुखराम यादव, प्रमुख कार्यकर्ता मकसूदन यादव सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी की जनशताब्दी के उपलक्ष्य में यह स्वच्छता अभियान एक छोटा सा प्रयास है, लेकिन यह हमारे समाज के लिए एक बड़ा संदेश है कि हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए काम करें। हमारा उद्देश्य है कि हम अपने समाज को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए काम करें और अटल बिहारी बाजपेयी के आदर्शों को याद रखें।

### अटल जी की जयंती पर सुशासन का संकल्प : अंगिरा



**धमतरी।** ग्राम अरौद (ली) में छत्तीसगढ़ के निर्माता, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के 101वी जयंती ग्राम के अटल स्मृति चौक पर माल्यार्पण कर मनाया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, सरपंच श्रीमती टिकेश्वरी साहू, सरपंच प्रतिनिधि दीपक साहू, बूथ अध्यक्ष सुशील निषाद, पूरण सिंह ध्रुव, उपसरपंच इकेश्वर, रमानंद सिन्हा, धनीराम साहू, मनोज ध्रुव पंच सुखदेव, जया ध्रुव, लोकेश्वरी सहित ग्रामीण जन कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंगिरा ध्रुव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों को समर्पित रहा है। अटल जी के नेतृत्व में देश ने विकास, सशक्त विदेश नीति और राष्ट्रीय एकता की नई दिशा पाई। उनके विचार, आदर्श और सादगी आज भी जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। अटल जी का जीवन हम सभी को निस्वार्थ सेवा और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है।

### जोरातराई में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनी



**अंवरी।** ग्राम जोरातराई अ में अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म जयंती मनाया गया। इस अवसर पर रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष , गोविन्द सिंह राजपूत प्राधिकृत अधिकारी भखारा , रामजी तारक बूथ अध्यक्ष, संतोष साहू बूथ अध्यक्ष, लोकेश साहू, नेमी साहू, मुकेश साहू मण्डल मंत्री, प्रकाश तारक हाई स्कूल अध्यक्ष, प्रकाश निषाद, मनहरण पाल, प्यरेलाल पाल, देवनारायन साहू पंच, बालमुकुंद साहू पंच, राकेश पाल पंच, भोज साहू, भोला निर्मलकर, गजेंद्र साहू, नरेन्द्र निर्मलकर, बिरसिंह साहू, गितेश्वर साहू, नरेश यदु, लखन सेन, जुगल किशोर साहू, देवेन्द्र साहू, कीर्तन साहू, मिथलेश साहू, राजेन्द्र साहू कामता साहू आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

नपा अध्यक्ष ज्योति समेत जनप्रतिनिधियों ने बाजपेयी को किया याद

# जब राजनीति स्वार्थ की ओर बढ़ती दिखती है तब अटल जी के विचार हमें सही दिशा दिखाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद




नगर पालिका कुरुद द्वारा वाटर फिल्टर प्लांट के समीप स्थित अटल परिसर में देश के महान राजनेता, पूर्व प्रधानमंत्री एवं छग राज्य के निर्माता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण कर उनका जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में अटल जी के आदर्शों को आत्मसात करने और राष्ट्र गौरव को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने अटल जी को याद करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच न हों, लेकिन अपने विचारों, आदर्शों और राष्ट्रभक्ति के कारण वे सदैव जीवंत रहेंगे। जब तक भारत रहेगा, तब तक अटल जी रहेंगे।" उन्होंने कहा कि अटल जी ने हमेशा 'मैं' नहीं बल्कि 'राष्ट्र' को केंद्र में रखा। आज के दौर में जब राजनीति स्वार्थ की ओर बढ़ती दिखती है, तब अटल जी के विचार हमें सही दिशा दिखाते हैं। भारत आज फिर विश्व मंच पर अपनी विश्वसनीयता और गरिमा बढ़ा रहा है, यह अटल विचारधारा की ही देन है।

अटल ने राजनीति को निजी स्वार्थ का साधन नही बनाया : कार्यक्रम में कांग्रेस नेता एवं वरिष्ठ पार्षद मनीष साहू ने अटल जी के व्यक्तित्व और राजनीतिक नैतिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देशभर के लगभग 115 नगरों में अटल परिसरों का लोकार्पण उनके सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने अटल जी को महायोद्धा, विद्वान और सर्वमान्य नेता बताते हुए कहा कि उन्होंने राजनीति को कभी निजी स्वार्थ का साधन नहीं बनाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने अटल जी के जीवन का वह ऐतिहासिक प्रसंग भी स्मरण कराया जब मात्र एक सीट से सरकार बच सकती थी, फिर भी अटल जी ने लोकतंत्र की मर्यादा को सर्वोपरि रखते हुए किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर पार्षदगण मिथिलेश बैस, रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, राजकुमारी ध्रुव, पूर्व पार्षदगण विनोद चन्द्राकर, मूलचंद सिन्हा, रामेश्वर ध्रुव, भारत भूषण पंचायन, वरिष्ठ नागरिक मालकराम साहू, विकास चन्द्राकर, अजय केला, रवि चन्द्राकर, संजू चन्द्राकर, कमलेश रेड्डी, किशोर यादव, ओमप्रकाश साहु, बसंत ध्रुव, गणेश साहू, चंदन शर्मा, सूरज देवांगन, पंकज नायडू, प्रकाश चन्द्राकर, टिकेश साहू कोकडी, भूमिका सिन्हा, विधा देवांगन, ममता साहू सहित नगरपालिका के सीएमओ और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत अटंग में हुआ महिला कमांडो का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत अटंग में 24 दिसंबर दिन बुधवार को महिला कमांडो का गठन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुरूद नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर उपस्थित थीं। वहीं विशेष अतिथि में एसडीओपी कुरूद रागिनी मिश्रा मौजूद थीं। गांव की महिला कमांडो की टीम में फुलेश्वरी यादव, लता पटेल, रमौतीन तारक, धुजबाई चेलक, रजनी पटेल, केशरी साहू, गंगा तारक, खुमेश्वरी यादव और ग्राम के अन्य महिलाओं का कमांडो गठन होने पर स्वागत सम्मान किया गया और जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में सरपंच गायत्री इंद्रजीत चेलक, ग्राम प्रमुख भागवत साहू, फ़त्तेलाल तारक, हेदनाथ निर्मलकर, कलीराम साहू , शिवकुमार चेलक , इंद्रजीत चेलक सरपंच प्रतिनिधि सहित पंचगण में सियाराम पटेल, रुद्रनाथ साहू, उमेद साहू, कुन्दन चंद्राकर, दिलीप साहू, रेवती साहू, रेवती ध्रुव, इंद्राणी साहू शामिल हुए।

### साधकों ने किया चक्र साधना का ध्यान

**धमतरी।** अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस पर श्री लोहाणा महिला मंडल धमतरी द्वारा 20 एवं 21 दिसंबर को ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस ध्यान के अर्थ, महत्व एवं लाभों पर प्रकाश डाला गया, साथ ही ध्यान करने की विधि को सरल रूप में समझाया गया। इस अवसर पर साधकों को पंचकोशी ध्यान का अभ्यास भी करवाया गया।

# अटल जी का जन्मदिन श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



नगर पंचायत भखारा भठेली में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का 101वाँ जन्मदिन श्रद्धा, सम्मान और सेवा भाव के साथ मनाया गया।

- भखारा में अटल जयंती मनाई गयी

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन एवं सी एम ओ संतोष विश्वकर्मा के नेतृत्व में नगर पंचायत परिवार द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्थलों की सफाई भी की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत अटल परिसर, अटल चौक एवं भठेली अटल चौक में स्थित अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन से की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने अटल जी के विचारों को स्मरण करते हुए "अटल बिहारी वाजपेई अमर रहे" जैसे नारों के साथ उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन के साथ सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, इंजीनियर श्रीमती ज्योति, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, समस्त पार्षदगण, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, सफाई कर्मी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अटल जी के स्वच्छ, स्वस्थ एवं सशक्त भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए साथी दिशाओं सीकर उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में स्वच्छता अभियान भी संपन्न किया गया, जिसमें सभी ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में बिंझवार राम साहू, रामगोपाल देवांगन, दुलेश्वर साहू,राम कृष्ण नेताम, कृपाल साहू, देवले जी, पार्षदगण परदेसी राम, झम्मन साहू, छबिलाल निर्मलकर, भूपेंद्र यादव, हितेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, खेमलता साहू, ईश्वर साहू, चंद्रप्रकाश साहू, चक्र सुदर्शन चंदेल, कमलेश साहू, शेखर सिन्हा, देवा कँवर, पुरनेश्वर, होमेश्वर,बिंदु शर्मा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित थे। चोवा ढीढी ने स्वच्छता सुशासन शपथ दिलाया।

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सुशासन का प्रेरक उदाहरण है। उनके विचार आज भी हमें समावेशी विकास और जनकल्याण के पथ पर आगे बढ़ने की दिशा देते हैं। शाम को दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का समापन अटल जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ किया गया।

# नगरी में अटल परिसर का लोकार्पण, जन जन तक पहुँचेगी अटल जी की विचारधारा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगरी नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 13, गुढ़ियारी तालाब के पास निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, धमतरी जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह श्रवण मरकाम नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा उपाध्यक्ष विकास बोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बालजीत छाबड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर में अटल जी की प्रतिमा की स्थापना से उनके द्वारा छत्तीसगढ़ और देश के लिए किए गए कार्यों एवं उनकी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में मदद मिलेगी। अटल जी की सोच से प्रेरणा लेकर आज छत्तीसगढ़ और नगरी नगर पंचायत विकास की ओर अग्रसर है। जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सच्चा देशभक्त बताया तथा उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल को स्मरण किया। सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम ने भी अटल जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए नगर पंचायत नगरी के वर्तमान जनप्रतिनिधियों की सराहना की और राजनीति से ऊपर उठकर नगर विकास करने की बात कही।

कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभापति शंकरदेव, अलका साव, राजा पवार, देवचरण ध्रुव, नरेश पटेल, नागेंद्र शुक्ला, अजय नाहटा, नरसिंह मरकाम, प्रदीप देवांगन, सचिन भंसाली, रवि शंकर दुबे, मोहन नाहटा, कमल डागा, लखन साहू, भूपेन्द्र साहू, सुलोचना साहू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# जल विहार गली नं. 3 की सड़क और स्ट्रीट लाइट की स्थिति पर मोहल्लेवासियों ने जताई चिंता

- 2000 मीटर रोड निर्माण व स्ट्रीट लाईट की मांग, दुर्घटनाओं से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जल विहार कालोनी गली नं.-03 में सड़क की दयनीय स्थिति और अंधेरी गलियों को लेकर मोहल्लेवासियों ने ग्राम पंचायत करेठा से तुरंत कार्यवाही की मांग की है। गली में बड़े-बड़े गड्ढों और खराब सड़क के कारण बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का आवागमन मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोग बता रहे हैं कि आए दिन सड़क की खराबी के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं और बच्चों को स्कूल तथा महिलाओं को कार्यस्थल पहुंचने में परेशानी हो रही है।

मोहल्लेवासियों ने ग्राम पंचायत करेठा के सरपंच को पत्र भेजकर गली नं.-03 से हनुमान मंदिर तक 2000 मीटर लंबी सी.सी. रोड निर्माण और स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग की है। निवेदन में कहा गया है कि इस मार्ग पर सुधार न होने से रात्रि में विशेषकर आवागमन असुरक्षित हो गया है। पत्र में उल्लेख किया है कि सड़क निर्माण और स्ट्रीट लाईट लगने से ना केवल दुर्घटनाओं से मुक्ति मिलेगी बल्कि बच्चों और महिलाओं के समय पर स्कूल और कार्य स्थल पहुंचने में सुविधा होगी।

मांग करने वालों में संतोष दीवान, रूपेश कुलदीप, गौरव साहू, हरीश त्रिवेदी, नुमेश कुमार साहू, संदीप मेश्राम, विजय नायर, मदन सिंह साहू, भूपेन्द्र कुमार साहू, प्रकाश कुंभकार, देवेन्द्र वासनिक, मंजू मरावी, अरूण गौर, रेवाराम सिन्हा, बोधीराम साहू, यशवंत सिन्हा, शिवदास साहू, दुर्गा यदु, पंकज द्विवेदी, इन्द्रजीत शर्मा सहित अन्य शामिल हैं।

# मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा ननि : ओंकार



- ट्रिपल इंजन की सरकार से हर वर्ग त्रस्त, विकास कार्यों के लिए कोई फंड नहीं : तारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कांग्रेस पार्षदों का नगर निगम के सामने धरना प्रदर्शन जारी है। छठवें दिन जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती तारिणी चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू सहित अन्य कांग्रेसजन समर्थन देने पहुंचे। मौके पर जिला अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बाद भी महापौर धमतरी नगर निगम के लिए फंड नहीं ला पा रहे हैं । उनके आठ महीने के कार्यकाल में विपक्ष को धरने पर बैठना पड़ रहा। यह उनकी कार्य प्रणाली की नाकामी को दर्शा रहा है। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि नगर निगम अपनी मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। हर मोर्चे पर नाकाम साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राहियों को किस्त की राशि जारी नहीं की जा रही है। शहर में सड़क की स्थिति बदतर है। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि प्रतीकात्मक रूप से हम यहां महापौर का पुतला रखे हुए हैं जिसकी आंखों में पट्टी बंधी हुई है। जनता का दुख दर्द इनको नजर नहीं आता। ये अपने आप में मस्त हैं। महापौर शहरों से ज्यादा गांव में फोटो खिंचवाने का शौक रखते हैं।

### सभापति कौशिल्या ने बच्चों को पिलाई पोलियो ड्रॉप

**धमतरी।** पोलियो उन्मूलन अभियान के तहत सोरिद वार्ड में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निगम की सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक दिलाने की अपील की। सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए यह अभियान आवश्यक है। सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम में आमजन की सहभागिता से ही पोलियो मुक्त समाज का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही आज देश पोलियो उन्मूलन की दिशा में सफल हुआ है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों ने घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का कार्य किया।

### लइका घर मसानडबरा में गर्म कपड़े का वितरण

**सांकरा।** ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित ग्राम मसान डबरा में विशेष पिछड़ी जनजाति के अंतर्गत आने वाले कमार परिवार निवासरत है। यहां के लइका घर में बढ़ती ठंड को देखते हुए गर्म कपड़ा प्रदान किया गया। आवासीय परिसर के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा के हाथों वितरण किया गया। इस अवसर पर लइका घर के सुपरवाइजर अनीता, कलस्टर कार्डिनेटर संतोषी, वालंटियर कुलेश्वर साहू, कार्यकर्ता आसो बाई सोरी, अतिरिक्त कार्यकर्ता नीता नाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता साजन साहू, राजेश सोरी, बाल प्रसाद नेताम, मुकेश सोरी, मांनकुवर सोरी समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सती ध्यान की विधि और इसके मानसिक, शारीरिक व शैक्षणिक लाभ

# मौन ध्यान कार्यशाला में 200 पिरामिड मास्टर्स, साधक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पिरामिड स्पिरिचुअल सोसायटी मूवमेंट धमतरी इकाई द्वारा रुद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण रुद्री में एक दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय मौन ध्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 200 पिरामिड मास्टर्स, साधक एवं ध्यान प्रेमी शामिल हुए।

कार्यशाला का उद्देश्य सामूहिक ध्यान के माध्यम से धरती की ऊर्जा का संतुलन, सकारात्मक तरंगों का प्रसार तथा पिरामिड ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाना रहा। एकता पिरामिड ध्यान केंद्र, रिसाली (भिलाई) से पहुंचे सीनियर पिरामिड मास्टर्स सुवर्णा सुवी एवं सुधीर ने ध्यान, मानव चेतना और लोक कल्याण पर प्रकाश डाला। सुवर्णा सुवी ने आनापान सती ध्यान की विधि और इसके मानसिक, शारीरिक व शैक्षणिक लाभ बताए।

भिलाई की आशा, राजिम की तिलेश्वरी, पाटन झीट के मास्टर तथा रायगढ़ की कामिनी चौरसिया ने अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा किए। सुधीर ने शाकाहार व पिरामिड की वैज्ञानिक-आध्यात्मिक संरचना की जानकारी दी। छुरा-गरियाबंद से मास्टर महेंद्र द्विवेदी ने सिंगिंग व रिंगिंग बाउल से निर्देशित ध्यान कराया। आयोजन में धर्मेंद्र गजेंद्र, श्रीलेखा जाधव, कुलेश्वरी गजेंद्र, निर्मला तिवारी, भानुप्रताप सिन्हा, संयम गायकवाड़, योगेश गुप्ता, वेंकटेश्वर साहू, हर्षा बाबर, संतोषी निंबाड़कर, श्वेता जैन, डॉ. योगेश्वरी साहू, सरिता साहू, ज्योति पवार, उमा, सुमन साहू, ऋतु विश्वकर्मा, हीरा बागड़े, श्वेता मेहता, आशा मारुति ध्यान केंद्र, दिलीप महाजन, प्रशांत प्रसाद, योगेश ठाकुर, मनोज साहू, मेष कुमार सहित अनेक पिरामिड मास्टर्स का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### अछोटी में क्रिकेट स्पर्धा आज से

**सिर्री**। ग्राम अछोटी के खेल मैदान में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्रामीण स्तरीय सिक्सिट बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 26 दिसंबर से रखा गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 10,001, द्वितीय पुरस्कार 5001, तृतीय पुरस्कार 3001,चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपए रखी गई है। प्रवेश शुल्क 351 रुपए निर्धारित है। गांव के आयोजनकर्ता सूरज साहू, कमलेश्वर साहू ने यह जानकारी दी है।

### मौरीखुर्द में मड़ाई 10 को

**सिर्री**। ग्राम मौरीखुर्द (दहदहा) में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 10 जनवरी शनिवार को मड़ाई मेला का आयोजन रखा गया है। जिसमें रात्रिकालीन कार्यक्रम में जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी मंदलोर (चंपारण धाम) गोबरा नवापारा जिला रायपुर की प्रस्तुति होगी।

### धनोरा में मड़ई मेला आज

**मगरलोड**। ग्राम धनोरा में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन 26 दिसंबर शुक्रवार को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए सूरज के किरण नाचा पार्टी धमदीटोला गोंदिया महाराष्ट्र का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष भगवान सिंग साहू एवं कचरू राम यादव ने दी है।

### अहिरवार (मोची) समाज धमतरी की बैठक 5 को

**धमतरी**। छत्तीसगढ़ अहिरवार (मोची) समाज जिला धमतरी द्वारा संत शिरोमणी रविदास बाबा जयंती एवं प्रकाश पर्व के आयोजन को लेकर सोमवार, 5 जनवरी 2026 को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक एक आवश्यक सामाजिक बैठक आयोजित की गई है। इस संबंध में जिला मीडिया प्रभारी कुलेश्वर भांडेकर ने बताया कि बैठक का आयोजन महिला सत्संग भवन, कांटा तालाब, सुभाष नगर वार्ड, धमतरी में किया जाएगा। बैठक की अवधि एक घंटे की रहेगी, जिसमें आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा सामाजिक एकता और संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की जाएगी। कुलेश्वर भांडेकर ने समाज के सभी लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### साहित्यकार विनोद शुक्ल को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद**। ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत, प्रख्यात साहित्यकार विनोद शुक्ल के निधन पर स्थानीय साहित्य समिति आस्था ने गहरा शोक प्रकट कर श्रद्घांजलि अर्पित की। संवेदना व्यक्त करते हुए समिति अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि वे साहित्य जगत में अमूल्य योगदान के लिए सदैव याद किए जाएंगे। पचास वर्षों के लेखन कार्य में उन्हें पचास से भी अधिक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए। उनकी प्रमुख कृतियां लगभग जयहिंद, सब कुछ होना बचा रहेगा, अतिरिक्त नहीं, पचास कविताएं व कभी के बाद अभी आदि है। उन्हें वर्ष 2024 में अमेरिका का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। समिति के सदस्यों एस चंद्रसेन, डॉ. साधना कसार, सुजाता विश्वनाथन व उत्तरा विदानी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### खरोरा में माता तुलसी की जयंती मनाई

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में माता तुलसी की जयंती पर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान फुलेश्वरी चंद्राकर ने कहा कि हर साल 25 दिसम्बर को माता तुलसी की जयंती को पूजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदू धर्म में तुलसी को सबसे पवित्र पौधा माना गया है। तुलसी से जुड़ी अनेक कथाएं भी हमारे पुराणों में मिलती है। तुलसी का महत्व हम उसी बात से समझ सकते हैं कि बिना तुलसी के पत्तों के भगवान विष्णु और कृष्ण को भोग नहीं लगाया जाता।

---

आराधना, भजन-कीर्तन और प्रभु यीशु के संदेश से गूंजा चर्च परिसर

# सुंदरगंज मेनोनाईट चर्च में उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया क्रिसमस पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव क्रिसमस पर्व को धमतरी जिले के सुंदरगंज मेनोनाईट चर्च में श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष आराधना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ईसाई समाज के लोग शामिल हुए। चर्च परिसर भजन-कीर्तन, प्रार्थना और "हैप्पी क्रिसमस" की गूंज से सराबोर रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत आराधना की पुकार एवं प्रारंभिक प्रार्थना से हुई। इसके पश्चात भजन, शास्त्र पठन, सामूहिक प्रार्थना एवं विशेष गीतों की प्रस्तुति दी गई। पादरी आशीष मिलाप ने प्रभु यीशु के जीवन, प्रेम, सेवा और शांति के संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रभु का जीवन मानवता को प्रेम और करुणा का मार्ग दिखाता है। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे और शांति के साथ जीवन जीने का आह्वान किया।

आराधना सभा में स्थानीय महिला सभा एवं युवा सभा द्वारा विशेष गीत प्रस्तुत किए गए, वहीं यूथ क्वायर द्वारा प्रेज एंड वर्शिप के माध्यम से प्रभु की महिमा गाई गई। कार्यक्रम का संचालन सेवक एमसी ख्रिस्टी ने किया। शास्त्र पठन, उत्तरवादी प्रार्थना, भेंट अर्पण एवं समापन प्रार्थना क्रमबद्ध रूप से संपन्न हुए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ईसाई समाज सेवा, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। उन्होंने सुंदरगंज मेनोनाईट चर्च की 125वीं वर्षगांठ पर भी बधाई दी। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि प्रभु यीशु का संदेश शांति, प्रेम और एकता का संदेश है, जिसे सभी को आत्मसात करना चाहिए। आयोजन में नरेश जसूजा, देवेंद्र अजमानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आराधना सभा में सेविका आर.के. सायमन, पादरी पी.के. सिंह, डॉ. संदीप पटौंदा, डॉ. दिलीप मलागर, स्वपनिल सोनवानी, योगेश लाल, अनुराग मसीह, कल्याण मसीह, वालेश चरण, मार्विन चरण, राकेश सालोमन, नीतेश बेथे, प्रणय लाल, सपना पाल, सरिता असाई, संगीता नाथ, स्टीव लाल, अनिल, नरोत्तम, मोना रानी सपाटे, विन्नी सपाटे, राबी लाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। क्रिसमस पर्व के अवसर पर सुंदरगंज चर्च में दिनभर उत्सव जैसा माहौल बना रहा और लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर प्रभु यीशु मसीह के जन्म का आनंद मनाया।

---

# नपं के मणिकंचन केंद्र में लगी आग, लाखों रुपए के सामान खाक





- आग लगने से फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ब्लॉक मुख्यालय नगर पंचायत में स्थित मणिकंचन में अचानक आग लगने से लाखों रुपए के समान जल कर खाक हो गया है। 25 दिसम्बर गुरूवार की दोपहर लगभग 2.30 बजे के आसपास नगर पंचायत कार्यालय से 100 मीटर दूर स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत बनाए गए मणिकंचन में अचानक आग लग गई। आग का धुआं बहुत ऊपर दूर तक फैला हुआ था। आग लगने से नगर में सनसनी फैल गई। लोगों की भीड़ इक्कठा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस व नगर पंचायत के कर्मचारी तुरंत पहुंच गए।

ज्ञात हो कि नगर के वार्ड नंबर 13 में मणिकंचन 2017 में बनाई गई थी। जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का काम किया जा रहा था। नगर के कचरे को ई रिक्शा से इकट्ठा कर उपयोगी वस्तुओं को अलग किया जाता था। मणिकंचन में आग लगने से फटका बेलन मशीन, पांच ई रिक्शा व अन्य समान जलकर खाक हो गए। आग बुझाने के लिए कुरूद के फायर बिग्रेड की मदद ली गई। लगभग एक घंटे देर बाद फायर बिग्रेड पहुंची तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया गया। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बस्ती में मणिकंचन स्थित होने से आसपास के घरों में दहशत फैल गया था। आग कैसी लगी जिसे पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है।

---

# मृत्यु के बाद भी जिंदा रहेंगी लखन की आंखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

नारी निवासी लखनलाल साहू ने नेत्रदान की घोषणा की थी। मृत्युपरांत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की। नेत्रदान के बाद समय पर लखन की आंखों को रायपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचा दिया गया

ग्राम नारी निवासी लखनलाल साहू का 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके द्वारा पहले नेत्रदान की घोषणा की गई थी। मृत्यु उपरांत परिवार के सदस्यों ने नेत्ररोग विभाग को सूचना दी। स्वास्थ्य विभाग कि टीम तत्काल पहुंची और नेत्रदान की प्रक्रिया को पूरी की और ब्लाक नेत्रदान अधिकारी व उनकी टीम ने आंखों को सफलतापूर्वक रायपुर मेडिकल पहुंचा दिया है।



कुरुद ब्लॉक नेत्रदान अधिकारी डॉ.लोमेश कुर्रे, ओटी टेक्निशियन प्रकाश पटेल, सेकेट्रियल असिस्टेंट टोमेश्वर भंडारी, वाहन चालक गीताराम साहू व लखन की धर्मपत्नी श्रीमति केजीनबाई साहू, पुत्र राजेश साहू, पोता सूरजभान, राहुल साहू व ग्रामीणों की उपस्थिति में नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की गई। ब्लाक नेत्रदान अधिकारी डॉ.लोमेश कुर्रे ने बताया कि यह जिले में 55वां नेत्रदान है। लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि नेत्रदान एक पुनीत कार्य है, जो जनसहयोग से समाज में जागरुकता लाकर ही सम्पन्न किया जा सकता है। एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो दृष्टिहीन लोगों को दुनिया देखने का अवसर मिलता है। शासन ने नेत्रदान प्रक्रिया को घोषणा मुक्त कर दिया है। नेत्रदाता को कोई भी घोषणा पत्र नहीं भरना पड़ता है। नेत्रदाता के परिजन भी मृत्यु उपरांत नेत्रदान करवा सकते हैं। नेत्रदान की प्रक्रिया अत्यंत सरल है। नेत्रदान उपरांत शरीर में कोई भी विकृति नहीं आती है। किसी भी व्यक्ति की मृत्यु के उपरांत उनके परिजन विकासखंड नेत्रदान अधिकारी व अधीनस्थ स्वास्थ्य केन्द्र के नेत्र चिकित्सा सहा.अधिकारियो से संपर्क कर नेत्रदान कर सकते हैं।

---

## खुरसेंगा में भागवत महापुराण 28 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

भागवत महापुराण ज्ञान सप्ताह यज्ञ के पावन अवसर पर ग्रामीण साहू समाज ग्राम खुरसेंगा के पावन सानिध्य में रक्तदान शिविर का आयोजन 28 दिसंबर दिन रविवार को किया गया है। आयोजनकर्ता डॉ. विश्वनाथ साहू पूर्व कोषाध्यक्ष तहसील साहू समाज कुरूद जिला धमतरी ने कहा है कि जिस किसी भी व्यक्ति को रक्तदान करना है वह ग्रामीण साहू समाज ग्राम खुरसेंगा के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

---

# संचालक मंडल के 9 सदस्यों के लिए होगा चुनाव

- शासकीय कर्मचारी साख सहकारी समिति मर्यादित की अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

निर्वाचन अधिकारी शासकीय कर्मचारी साख सहकारी समिति मर्यादित सीपी साहू ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की है। संचालक मंडल के 9 सदस्यों का निर्वाचन होना है, जिसमें 3 अनारक्षित वर्ग से, 2 महिला अनारक्षित , 1 अनुसूचित जनजाति एवं 3 पिछड़ा वर्ग है। 2 जनवरी 2026 को 12 बजे से 3 बजे तक नामांकन, 4 बजे से नामांकन पत्रों की जांच , 5 जनवरी 2026 को 12 बजे से 2 बजे तक निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची तथा मतदान आवश्यक होने पर 10 जनवरी को 11 बजे से 4 बजे तक संस्था कार्यालय बांसपारा में मतदान होगा। मतदान समाप्त होने के 1 घंटे बाद मतगणना प्रारंभ की जाएगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसायटियों के प्रतिनिधियों के निर्वाचन की सूचना 12 जनवरी को जारी होगी एवं 16 जनवरीको अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव 12 से 03 बजे तक संस्था कार्यालय बांसपारा में संपन्न होगा।

---

## राम जन्मोत्सव पर भाव विभोर होकर झूमते रहे श्रोता

# परमात्मा से संबंध जोड़ना ही है भक्ति : पं. अतुल कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





रामकथा महोत्सव के तीसरे दिन भगवान श्रीराम जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए व्यासपीठ पंडित अतुल कृष्ण महाराज ने कहा कि भगवान शंकर एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एक दूसरे की पूरक हैं। इसलिए इस जगत में दोनों की कथाएं मानव जीवन को धन्य कर देती हैं। भगवान शंकर यदि संस्कार के प्रतीक के रूप में सृष्टि का संहारक है तो दुनिया के सारे संबंध आदर्श पुत्र, निष्ठावान भाई, पिता और पति जैसे संबंधों की पवित्रता को शाश्वत रूप से प्रदर्शित करता हुआ भगवान श्री राम का जीवन चरित्र है। जिसके अनुसरण से वर्तमान समय में संबंधों की पवित्रता में जो गिरावट आ रही है वह दूर करके हम अपने जीवन में सुख शांति तथा समृद्धि का संचार कर सकते हैं। इसके लिए भगवान का काम और भक्ति पूरे भरोसा के साथ करें। आगे पंडित अतुल कृष्ण ने कहा कि भगवान आपसे प्रत्येक संबंध को निभाने के लिए तैयार बैठे हैं आवश्यकता है अपने आप को उनसे जोड़ना और यही भक्ति है। धर्म से जुड़कर ही इसे प्राप्त किया जा सकता है। व्यासपीठ से आगे उन्होंने कहा कि दुनिया का प्रत्येक धर्म लोभ या बल पर टिका है लेकिन भारत का हिंदू एवं सनातन को ही धर्म मानते हुए उदारता का पाठ सिखाता है। वर्तमान समय में धर्म को यदि कोई बचा के रखा है तो वह माताएं हैं इसलिए सभी माताए आने वाली पीढ़ी को संस्कार और संबंध की सार्थकता को बताने के लिए शास्त्र सम्मत जीवन का अनुसरण करें यही से संस्कारित समग्र पीढ़ी का निर्माण होगा।

### राम रूपी गंगा का श्रवण कर जीवन को बनाए धन्य



राम कथा के आयोजक पं. राजेश शर्मा ने उपस्थित श्रोता समाज से निवेदन किया कि भगवान राम की अयोध्या में प्रतिष्ठा पर आयोजित यह राम कथा की गंगा में सभी डुबकी लगाकर अपने जीवन को धन्य बनावे। उन्होंने आगे कहा की धर्म की नगरी के संस्कार के रूप हम सब मिलकर शहर की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यहां एक भाईचारा , एकता एवं अखंडता को मजबूती प्रदान करेंगे।

---

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

नगर पालिका में आयोजित छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मनाए जाने वाले सुशासन दिवस के कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया सम्मिलित हुई। वहीं घंटेश्वरी मंदिर के पास स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर सरला कोसरिया ने कहा कि आज 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। उनका नाम जेहन में आते ही उनके प्रति लोगों का मन श्रद्धा से भर जाता है। अटल राजनैतिक क्षेत्र में नैतिकता, शुचिता, गरिमा और मर्यादा के पक्षधर थे। जनसंघ से चुनकर संसद पहुंचने वाले वे सबसे कम उम्र के युवा सांसद थे। अपनी प्रतिभा, शालीनता तथा वक्तृत्व शैली से उन्होंने संसद में अमिट छाप छोड़ी। अटल के जीवन की शुरुआत एक पत्रकार के रूप में हुई और कालांतर में लेखक, कवि एवं साहित्यकार के रूप में वे ख्याति अर्जित करते गए। जनसंघ के संस्थापक सदस्य, कई बार सांसद, विदेश मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा संसदीय दल के नेता, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता, 3 बार देश के प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी सच्चे अर्थों में साधुमना जननेता थे। इतने बड़े-बड़े पदों को सुशोभित करने के बावजूद उन्होंने अहंकार को अपने पास भटकने नहीं दिया। पद का मद कभी उनके सिर पर सवार नहीं हो पाया।

---

## शिवसिंह वर्मा शाउमावि में सुशासन दिवस मनाया गया

**धमतरी**। पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी की 101वी जयंती आज शिवसिह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी मे हर्षोल्लास के साथ सुशासन दिवस के रूप मे मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य डी के देवांगन एवं माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका श्रीमती लता देवांगन की अगुवाई में अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बच्चों के द्वारा अटल जी के जीवन पर आधारित आकर्षक रंगोली बनाई गई तथा निबंध प्रतियोगिता व कविता पाठ का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में पद्मनी यादव प्रथम तथा कविता पाठ में मेघा देवांगन प्रथम तथा भाषण में पद्मनी यादव प्रथम रही। इतिहास के व्याख्याता उमाशंकर सिन्हा ने अटल विहारी जी को कर्म योगी बताते हुए उन्हें सही अर्थो में सकारात्मक विपक्ष के प्रेरणास्त्रोत कहा। अटल जी अपने राजनीतिक विरोधियों के अच्छाई को स्वीकारने तथा बुराई का विरोध करने में कभी हिचकते नही थे।

---

## 4 जनवरी को दरगहन मड़ई

**कुकरेल(धमतरी)**। महानदी के छोर में बसे ग्राम दरगहन में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से 4 जनवरी दिन रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है और रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए छन्नू मुन्नू छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी निपानी बालोद का कार्यक्रम रखा गया है। ग्रामीण अध्यक्ष सुशील साहू, ग्राम पटेल हेमू राम निषाद, जगन्नाथ साहू, नीलेश्वर साहू, टोमन साहू आदि ने मड़ई और नाचा कार्यक्र में उपस्थिति की अपील की है।

---

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं– स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

---

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्चुअल माध्यम से किया लोकार्पण

# धमतरी में भी हुआ अटल परिसर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती एवं सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश के 115 शहरों सहित धमतरी में नवनिर्मित अटल परिसरों का लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्चुअल माध्यम से किया।

धमतरी जिले के प्रवेश द्वार बायपास रोड स्थित अटल परिसर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का विधिवत लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि



महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह हम सभी के लिए सौभाग्य का विषय है कि आज हम अटल जी की प्रतिमा के लोकार्पण के साक्षी बने हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में अटल बिहारी वाजपेयी जी का ऐतिहासिक योगदान रहा है। आज छत्तीसगढ़ को बने 25 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और प्रदेश विकास पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। महापौर श्री रोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में धमतरी जिले में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि बायपास सड़क, रेलवे स्टेशन, हाईटेक बस स्टैंड, स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम, महाविद्यालय भवन, सड़क चौड़ीकरण, उद्योग स्थापना, पेयजल आपूर्ति हेतु वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत केंद्र जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रगति पर हैं। इसके साथ ही सिहावा चौक से नहर नाका तथा रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पिछले आठ महीनों में नगर के 900 आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं, जो विकास का स्पष्ट प्रमाण है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को अनुकृति पत्र प्रदान किए गए तथा अतिथियों को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक कृपाराम साहू, पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, शिरोमणि घोरपड़े सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया और धमतरी जिले में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के पूर्व आगमन से जुड़ी स्मृतियों को साझा किया।

कार्यक्रम में निर्मल बरड़िया, डॉ. एन. पी. गुप्ता, शशि पवार, कविंद्र जैन, अर्चना चौबे, निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन, अखिलेश सोनकर, तल्लीनपुरी गोस्वामी, हिमानी साहू, विभा चंद्राकर, बीथिका विश्वास, नीलेश लूनिया, अमित अग्रवाल सहित निगम की प्रभारी आयुक्त श्रीमती इंदिरा देवहारी, डिप्टी कमिश्नर नगर निगम पी. सी. सार्वा तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।